


औरंगाबाद के लोकमत भवन में धारेश्वर शिक्षण संस्था की ओर से (बाएं से) शोभा वाठोरे, अनुपमा पाटील, रीना पाटील (संचालिका), आर्यन पाटील, मनीषा पाटील, ममता पवार, प्रदीप तेजनकर, अशोक सपाटे, गंगाधर जंजाल, (पीछे की लाइन में) दिलीप गायकवाड़, राजेंद्र सोलुंके, राहुल खरात, नरेंद्र सपकाल, एकनाथ ढोमसे, संतोष जाधव.




औरंगाबाद के लोकमत भवन में जैन इंजीनियरिंग सोसाइटी की ओर से (बाएं से) अस्मिता पहाड़े, सपना चूड़ीवाल, प्रिया ठोले, सानिका जैन, नीता खंदारे, वंदना पाटनी, सरोज मिश्रीकोटकर, आरती बोहरा, रश्मि गांधी, सृष्टि मिश्रीकोटकर.

# लंबे समय तक ताकत के लिए महिलाएं लें भाग



## एमडी गायनॉकोलॉजिस्ट नीता वकील ने निरोगी जीवन के लिए बताई महत्ता

औरंगाबाद | 4 दिसंबर | लोस सेवा

दिनोंदिन बढ़ती जा रहीं घरेलू मशीनों से महिलाओं में श्रम का अभाव होता जा रहा है. घर संभालने वाली महिलाओं में खासतौर से 35 वर्ष और डिलेवरी के बाद मोटापे की समस्या गंभीर होती जा रही है.

मैराथन जैसी स्पर्धाएं महिलाओं को दौड़ने के लिए प्रेरित करने का एक अच्छा माध्यम हो सकती हैं. डिलेवरी के बाद चर्बी जमा होना, मोनोपॉज के बाद हार्मोंस का गड़बड़ाना ऐसी समस्याएं हैं जिनसे हर महिला को जूझना ही पड़ता है. अगर दौड़ना, चलना, कसरत की जाती रहे तो आधी परेशानियों से ऐसे ही छुटकारा मिल जाता है.

आज के समय में घर से निकले तो वाहन, घर में बटन दबाते ही हर चीज उपलब्ध. चटनी पीसना है तो मिक्सर है, कपड़े धोना है तो वॉशिंग मशीन है. ऐसे में शारीरिक मेहतन कम होती है. यही कारण है कि 35 वर्ष से अधिक आयु होते ही कमर दर्द, पैरों में सूजन, जल्द मोनोपॉज, अत्यधिक थकान जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं. युवावस्था से ही महिलाओं को दौड़ने की आदत बनानी चाहिए.

पुरुष बाहरी कामों और जिम्मेदारियों में मेहनत कर लेता है, लेकिन महिलाओं के लिए यह संभव नहीं हो पाता. नतीजतन महिलाएं तेजी से मोटापे का शिकार हो रही हैं.

महिलाएं तनाव भी ज्यादा लेती हैं, इससे भी मोटापा बढ़ता है. शोध बताते हैं कि दौड़ने से कई ऐसे अच्छे हार्मोन बनते हैं, जो कि तनाव से दूर रखने में सहायक होते हैं.



औरंगाबाद के लोकमत भवन में प्राइड, जयलक्ष्मी कास्टिंग, औरंगाबाद अलॉइज ग्रुप की ओर से (बाएं से खड़े हुए) संजय बेंडसरे, चंद्रशेखर तानपुरे, शिवकुमार सुरकुटलावार, अविनाश चिंचोलीकर, विजय डोंगरे, आदित्य विधाते, प्रकाश माताड़े, हनुमान प्रसाद बगड़िया, श्याम अग्रवाल, भागवत काले, नवीन बगड़िया, नितिन बगड़िया, संजय अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, लक्ष अग्रवाल, शारदादेवी अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, चेतन गुप्ता. (बाएं से बैठे हुए) योगेश कसबे, रामेश्वर पवार, रावसाहब रात्काते, भूषण कुलकर्णी, मधुकर राशीनकर, दत्ता वाघमारे, विजय झाल्टे, रवि कुचे, नानासाहब पैठणे, ज्ञानेश्वर चौधरी, हर्षल जोशी, संजय शेलके, राकेश ब्राह्मणकर, राजू सिंह, धनंजय सिंह.




औरंगाबाद के लोकमत भवन में नेशनल इंग्लिश स्कूल की ओर से (बाएं से) वैशाली जाधव, वैशाली जायस्वाल, शेख सबा, रश्मि पांडे, सुप्रिया शेलके, कल्याणी जिवड़े, जयश्री वानखेड़े, नितिन सोनोने.

### समाज को आज दौड़ने की जरूरत है



"बैठे-बिठाए काम करने की आदत में युवा, गृहणियां सभी अपना स्वास्थ्य गंवा रहे हैं. मैंने हर समय तंदुरुस्त रहने की बात पर बल दिया है. अग्रसेन जयंती पर भी खेलों का आयोजन करने की परंपरा शुरू की. युवा मैराथन के लिए तैयारी कर रहे हैं और बड़ी संख्या में भाग लेंगे. समाज से मैराथन में भाग लेने का अनुरोध मैं करता हूं.

**- सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल महासभा**

### हम भी हैं जोश में...

Brought to you by SAFFRON LANDMARKS
Aurangabad Maha Marathon
A LOKMAT INITIATIVE 21km
17 Dec 2017
Associate Sponsor riso Ricebran Oil
Powered by DHOOT TRANSMISSION
#MahaMarathon /MahaMarathon

### ग्रुप बुकिंग के लिए संपर्क करें

महामैराथन में अपना हिस्सा जल्द से जल्द निश्चित करें. इसके लिए पंजीयन लोकमत भवन, रीगल लॉन, जालना रोड में सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक कराया जा सकता है. स्पर्धा में स्कूल, महाविद्यालय, कंपनी के कर्मचारी, रनर्स ग्रुप भी एकत्रित रूप से पंजीयन करा सकते हैं. मैराथन में पंजीयन कर अधिक से अधिक धावक, नागरिक भाग लें.

**स्पर्धा**


- Half Marathon - 21 Kms
- Power Run - 10 Kms
- Fun Run - 5 Kms
- Family Run - 3 Kms

अधिक जानकारी व ग्रुप बुकिंग के लिए 9921030700, 0240-3021708 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है. महामैराथन में पंजीयन ऑनलाइन भी किया जा सकता है. इसके लिए धावक www.mahamarathon.com वेब लिंक पर जाएं.

# पुलिस का दावा, सड़क हादसे घटे

## इस वर्ष 125 लोगों की मौत, बीते वर्ष 136 घटनाओं में 143 की हुई थी मौत

औरंगाबाद | 4 दिसंबर | लोस सेवा



बीते चार दिनों में हुई तीन बड़ी घटनाओं में चार लोगों की मौत के बीच आज शहर पुलिस का दावा सामने आया है कि सड़क हादसे कम हुए और मरने वालों की संख्या में भी कमी आई है. शहर पुलिस ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के बारे में नागरिकों को बार-बार समझाया, जिससे इस वर्ष सड़क हादसों की संख्या कम हुई है.

पुलिस के मुताबिक गत वर्ष जहां 143 लोगों की शहर में मौत हुई थी, वहीं इस वर्ष गत दस माह में 125 लोगों की मौत हुई है. एशिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले शहरों में पहला नंबर औरंगाबाद शहर का है. बढ़ती आबादी के साथ-साथ शहर में वाहनों की संख्या तो बढ़ती जा रही है, लेकिन रास्ते पुराने ही हैं. इससे बार-बार यातायात जाम और दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ रही है. इसका हल निकालने के लिए शहर यातायात पुलिस ने पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव के मार्गदर्शन में नागरिकों में दुर्घटनाओं से बचने के लिए जनजागरण पर अनेक कार्यक्रम कराए और मुहिम चलाकर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के लिए कितना अनिवार्य है, इसका महत्व समझाया, यातायात सुरक्षा पखवाड़ा मनाकर सुरक्षा का अहसास दिलाया.

पुलिस के इस प्रयास से कुछ हद तक सड़क दुर्घटनाओं में गत वर्ष की तुलना में कमी आने का दावा पुलिस प्रशासन की ओर से किया गया है. पुलिस उपायुक्त डॉ दीपाली धाटे-घाड़गे ने बताया कि गत वर्ष 2016 में प्राणांतिक दुर्घटनाओं के 136 मामले दर्ज हुए थे, जिसमें 143 लोगों की जान गई थी. इस वर्ष जनवरी से आज तक यानी दस माह में 120 मामले दर्ज हुए, जिसमें 125 लोगों की मौत हो गई. गत वर्ष अन्य छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं का आंकड़ा 530 पर रुक गया था और उसमें 681 लोग जख्मी हुए थे. जबकि इस वर्ष 380 मामले दर्ज किए गए, जिसमें घायलों की संख्या 415 हो गई है. पुलिस के प्रयासों के कारण अनेक लोगों की जान बच जाने का समाधान भी पुलिस ने व्यक्त किया है.

### बीते तीन साल की सड़क दुर्घटनाएं

| | |
|---|---|
| वर्ष 2014 में | 399 |
| वर्ष 2015 में | 501 |
| वर्ष 2016 में | 530 |
| वर्ष 2017 में | 380 |

### यह हैं दुर्घटना स्थल

शहर पुलिस आयुक्तालय परिक्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान हैं जहां हमेशा दुर्घटनाएं होती हैं. उसमें बीड़ रोड पर देवलाई चौक, बालापुर फाटा, गोदावरी टी प्वाइंट, एमआईटी कॉलेज चौक, पैठण रोड पर मां-बाप दरगाह, अहमदनगर रोड पर बजाज गेट, पंढरपुर चौक, गोलवाड़ी फाटा, एएस क्लब चौक, खुलताबाद रोड पर शरणापुर फाटा, मिटमिटा, पड़ेगांव की श्मशान भूमि (छावनी), जालना रोड पर दूध डेयरी, आकाशवाणी, केम्ब्रिज चौक, जलगांव रोड पर हर्सूल टी प्वाइंट आदि स्थानों पर दुर्घटना में सबसे ज्यादा जानें गई हैं. यहां पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए पुलिस की ओर से कदम उठाए जा रहे हैं.



# स्नातक सीनेट चुनाव में 58 प्रतिशत मतदान

### 59 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 7 दिसंबर को

औरंगाबाद | 4 दिसंबर | लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के स्नातक सीनेट चुनाव की दस सीटों के लिए सोमवार, 4 दिसंबर को सुबह 8 से 5 बजे के बीच मतदान हुआ. इसके लिए चार जिलों में 56 मतदान केंद्र रखे गए थे. चुनाव में औसतन 58.21 प्रतिशत मतदान हुआ है. चुनाव में कोई गड़बड़ी न होते हुए शांति के साथ संपन्न हुआ.

कुलसचिव तथा चुनाव निर्णय अधिकारी डॉ साधना पांडे ने बताया चुनाव के लिए चार जिलों में 56 मतदान केंद्र रखे गए, जिसमें 83 बूथ थे. एक बूथ पर कम से कम 500 मतदाताओं की संख्या रखी गई थी. स्नातक सीनेट चुनाव में पांच सीटें ओपन कैटेगरी से अन्य पांच सीटें आरक्षित कैटेगरी की है. इस चुनाव के लिए कुल 29 हजार 8 मतदाता थे, जिसमें अकेले औरंगाबाद जिले से 14 हजार से अधिक मतदाता हैं. जिसके लिए शहर के प्रमुख कॉलेजों तथा विवि में 10 मतदान केंद्र रखे गए थे. चुनाव में 'कैटेगरी वाइज' अलग-अलग रंग की मतपत्रिका का प्रयोग किया गया. पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रखा गया था. एक मतदान केंद्र पर चार अधिकारी रखे गए थे. जिसमें एक केंद्र अध्यक्ष और अन्य तीन सहयोगी थे. इस चुनाव में विवि ने जिलावार वरिष्ठ प्रोफेसरों को चुनाव निरीक्षक के तौर पर नियुक्त किया था.

सोमवार को केवल शिव छत्रपति कॉलेज मतदान केंद्र पर उम्मीदवारों की 'पोल चिट' लेकर अंदर जाने वाले मतदाता को रोकने की मांग हुई. तब उसके बाद किसी भी मतदाता के हाथ में किसी भी उम्मीदवार की 'पोल चिट 'नहीं दिखाई पड़ी. चुनाव के दिन देवगिरी कॉलेज में क्लास चल रही थी. मतदान के दिन सभी को समय मिले, इसलिए यह क्लास बंद कराई गई.

कुल मिलाकर मतदान शांति के साथ संपन्न हुआ. शुरुआत में मतदान धीमा रहा. दोपहर तीन से चार बजे के बीच 30 से 40 प्रतिशत के आस-पास सभी ओर के मतदान केंद्रों पर औसतन मतदान हुआ था. आखिर एक घंटे में कितना मतदान हुआ, यह आंकड़ा विवि प्रशासन देर रात तक अलग-अलग मतदान केंद्रों से जुटा रहा था.

शहर के वसंतराव नाईक कॉलेज, मौलाना आजाद कॉलेज, सरस्वती भुवन कॉलेज, मिलिंद कॉलेज, एमजीएम जेएनईसी, विवि का नाट्यशास्त्र विभाग, विवेकानंद कॉलेज के मतदान केंद्र परिसर में उम्मीदवार, उनके समर्थकों ने मतदाताओं की सुविधा के लिए पंडाल लगाकर मतदाता सूची रखी थी. इस मतदान केंद्र परिसर में कई राजनीतिक दलों से जुड़े विद्यार्थी संगठन के कार्यकर्ता दिखाई पड़े. इस बीच मराठवाड़ा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक सतीश चव्हाण ने बीड़ जिले की अंबाजोगाई तहसील में अपने मतदान का हक अदा किया.

पिछले चुनाव में हुई गलतियों से कुछ सीख कर विवि प्रशासन ने मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक सामग्री उचित समय में पहुंचाने का निर्णय लिया था. चुनाव के दिन संबद्धता वाले कॉलेजों के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को चुनाव के दिन अवकाश दिया गया था. विवि के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को मतदान के लिए दो घंटे का समय दिया गया था.




औरंगाबाद में सोमवार को एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की भीड़.

### इतने हैं उम्मीदवार

स्नातक सीनेट खुले वर्ग में सर्वाधिक 33 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. उसके बाद अनुसूचित जाति से 9 उम्मीदवार, अनुसूचित जनजाति से 3 उम्मीदवार, भटके-विमुक्त जाति-जमाति से 5 उम्मीदवार, अन्य पिछड़ा वर्ग से 4 उम्मीदवार, महिला कैटेगरी से 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना नसीब आजमा रहे हैं.



औरंगाबाद में सोमवार को एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की भीड़.

### यहां होगी मतगणना

स्नातक सीनेट चुनाव की मतगणना 7 दिसंबर को विवि के खेल विभाग के जिम्नास्टिक हॉल में होगी. यहां पर 25 टेबलों पर वोटों की गिनती होगी. 16 कैमरे मतगणना पर नजर रखेंगे, वही जनरेटर की व्यवस्था की गई है. मतगणना के दिन बिजली आपूर्ति खंडित न हो, इसके लिए विवि ने महावितरण कार्यालय के साथ पत्र व्यवहार किया है. स्ट्रांग रूम में सभी मतपेटी कड़े बंदोबस्त में रखी जाएगी. विवि प्रशासन ने नाट्यगृह या मुख्य प्रशासनिक इमारत स्थित महात्मा फुले सभागृह के बजाए इस बार मतगणना के लिए जिम्नास्टिक हॉल में मतगणना कराने का निर्णय लिया है. उम्मीदवारों के समर्थकों की भीड़ भी स्पोर्ट्स ग्राउंड परिसर में ठहर सकती है. चुनाव मैदान में डटे 59 उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला 7 दिसंबर को मतगणना के बाद घोषित नतीजों से पता चलेगा.

### इनकी किस्मत का फैसला हुआ 'मतपेटी' में बंद

विधायक सतीश चव्हाण समर्थित उत्कर्ष पैनल, 'अभाविप' समर्थित विवि विकास मंच, विभिन्न विद्यार्थी संगठन के नेताओं का स्नातक परिवर्तन मोर्चा, मराठवाड़ा संघर्ष समिति ने विवि बचाव पैनल और युवा सेना व भारतीय विद्यार्थी सेना ने शिवशाही पैनल खड़ा किया है. इसके अलावा डॉ उल्हास उढाण, शिवाजी लकड़े, प्रशांत पवार, डॉ बाबासाहब भालेराव आदि निर्दलीयों की सूची भी बड़ी लंबी है. उत्कर्ष पैनल से ओपन कैटेगरी में डॉ नरेंद्र काले, डॉ भारत खैरनार, प्रा संभाजी भोसले, आरक्षित कैटेगरी से प्रा सुनील मगरे, सुभाष राउत, सुनील निकम, संजय कालबांडे, शीतल माने अपना नसीब आजमा रहे हैं. विवि विकास मंच के उम्मीदवार मनोज शेवाले, सलीम जहागीर, चत्रभुज गोड़बोले, आरक्षित कैटेगरी से पंकज भारसाखले, योगिता तौर आदि तो विद्यार्थी नेताओं के स्नातक परिवर्तन मोर्चा में राहुल तायड़े, प्रकाश इंगले, जकीयोद्दीन सिद्दीकी, नीलेश अंबेवाड़ीकर, शिवशाही पैनल में तुकाराम सराफ, विजय सुबुकड़े, पूनम सलामपुरे, विवि बचाव में एड शिरीष कांबले आदि उम्मीदवार अपना नसीब आजमा रहे हैं.

### सोशल नेटवर्किंग व मीडिया का इस्तेमाल

इस चुनाव में कई सारे अनोखे फंडे अपना कर कम समय में मतदाताओं तक पहुंचने के लिए उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया के फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप, ट्विटर, ब्लॉग आदि का इस्तेमाल किया. चुनावी मतदाता सूची भी सोशल मीडिया पर घूमती रही. इस चुनाव में हर किसी उम्मीदवार ने शह और मात के खेल में जीत का दावा किया है पर असल में मतदाता की पसंदा जिसके साथ होगी, उसकी जीत होगी.

# दिनदहाड़े 70 हजार की चोरी

औरंगाबाद | 4 दिसंबर | लोस सेवा

### सिडको एन-2 ठाकरेनगर में मकान का ताला तोड़ा

भांजी के विवाह समारोह के लिए गए एक परिवार के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने दिनदहाड़े लगभग 70 हजार के गहने चुरा लिए. यह घटना सिडको एन-2 ठाकरेनगर में घटी.

पुलिस ने बताया कि एसटी कॉलोनी ठाकरेनगर निवासी संजीव शहाणे की भांजी का शुक्रवार को विवाह था, जिसमें शामिल होने के लिए वह परिवार समेत मंगल कार्यालय गए थे. मौका पाकर चोरों ने दिनदहाड़े उनके मकान का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी के लॉकर से नकदी 5 हजार रुपए, 30 हजार के कान के सोने के झुमके, 15 हजार का मंगलसूत्र, 3 हजार की सोने की नथनी, 3 हजार की छोटे बच्चों की कान की बालियां और 14 हजार की एक घड़ी को मिलाकर लगभग 70 हजार का माल उड़ा लिया. रात साढ़े दस बजे विवाह समारोह से घर लौटने के बाद चोरी की बात ध्यान में आई, तो इस बारे में उन्होंने कल दोपहर मुकुंदवाड़ी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस निरीक्षक प्रेमसागर चंद्रमोरे के मार्गदर्शन में जमादार प्रधान इस मामले की जांच कर रहे हैं.

**रिक्शा चोर गिरफ्तार**

रामेश्वरनगर, मयूर पार्क हर्सूल परिसर निवासी नरसिंह गोविंदन जाधव ने अपना रिक्शा छावनी निवासी आरोपी माइकल एंथोनी को किराए पर चलाने के लिए दिया था. परंतु माइकल ने वह रिक्शा अहमदनगर के एक व्यक्ति को बेच दिया था. इसकी जानकारी मिलने पर नरसिंह ने हर्सूल पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी. पुलिस ने तहकीकात कर आरोपी माइकल को गिरफ्तार किया और उससे वह रिक्शा भी जब्त किया. यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक मनीष कल्याणकर के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दिवाकर पाटील, सहायक फौजदार विट्ठल जवखेड़े, जमादार प्रभाकर तायडे, अंबादास चव्हाण ने सफल बनाई. आगे की जांच एएसआई जवखेड़े कर रहे हैं.

# लाभार्थियों के चयन में घोटाला

औरंगाबाद | 4 दिसंबर | लोस सेवा



महात्मा फुले पिछड़ावर्गीय विकास महामंडल ने इलेक्ट्रिक रैंडम पद्धति से लाभार्थी चयन में घोटाला किए जाने का आरोप भारिप बहुजन महासंघ की ओर से लगाया गया है.

इस संबंध में जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में महामंडल के व्यवस्थापक, निवासी उप जिलाधिकारी को निलंबित किए जाने की मांग भी महासंघ ने की है. कहा गया है कि, लाभार्थियों का चयन ड्रॉ पद्धति से करने, इस प्रकरण की जांच करने आदि मांगें भारिप के जिला उपाध्यक्ष उद्धव बनसोड़े ने की है.

# नो पार्किंग का बोर्ड लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग

औरंगाबाद | 4 दिसंबर | लोस सेवा



पार्किंग की जगह पर 'नो' पार्किंग का बोर्ड लगाकर नागरिकों को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग नागरिकों ने की है. इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी दिया गया है.

ज्ञात हो कि, शहर में नो पार्किंग के नाम पर नागरिकों को लूटा जा रहा है. सिडको बस स्टैंड पर अपने परिजनों को लेने अथवा छोड़ने जाने पर नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. यहां जगह-जगह नो पार्किंग के बोर्ड लगा कर वाहन खड़े करने वालों से जबरन वसूली की जाती है. ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्य कार्रवाई किए जाने की मांग छावा मराठा युवा संगठन, अखिल भारतीय जिवा सेना, अखिल भारतीय शिवक्रांति संगठन, संभाजी ब्रिगेड आदि संगठनों की ओर से की गई है.

# बाइक चुराई

**औरंगाबाद.** घर के सामने खड़ी बाइक चुराए जाने की घटना सिडको एन-6 परिसर की सिंहगड़ कॉलोनी में घटी. सुरेश जगन्नाथ सालुंके (52, निवासी-सिंहगड़ कॉलोनी) ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच-20 डीयू 9139 अपने घर के सामने खड़ी की थी. तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसे चुरा लिया. इस संबंध में सिडको थाने में मामला दर्ज किया गया है.

Govt Reg.No.7342
**पेन केअर इंस्टीट्युट**
ऑर्थोपेडीक सर्जन द्वारे सल्ला व उपचार



सांधेवात, गुडघेदुखी, मान, पाठ,कंबरदुखी मायग्रेन (डोकेदुखी), फ्रोझन शोल्डर (खांदेदुखी) सायटीका, स्लिप डिस्क, टाचदुखी, टेनिस ऐल्बो हातापायात मुंग्या येणे

अपना बाजार, बाफना ज्वेलर्स समोर, जालना रोड, औरंगाबाद.
9822899660, 9422713387, 9767442040
(कृपया अपॉईंटमेंट घेऊनच येणे) सोमवार ते शुक्रवार फक्त

**आता प्रथमच सेक्स समस्यांवर अत्याधुनिक विदेशात प्रचलित लेझर व व्हॅक्युम थेरेपी उपचार**

विवाहापुर्वी व विवाहानंतर समस्यांसाठी एम.बी.बी.,एस.एम.डी. डॉक्टरांचा सल्ला
हस्तमैथुन, स्वप्नदोष, विर्यदोष, शिघ्रपतन, इंद्रीय शिथिलता, पुरुष वंधत्व
हायपोगोनॅडिझममुळे इंद्रीय समस्या, मधुमेहामुळे आलेली लैगिंक शिथीलता
ऑलीगोस्पर्मीया : शुक्रजंतुची संख्या कमी असणे. ॲझुस्पर्मीया: शुक्रजंतुची संख्या अजीबात नसणे.



**आशाकिरण क्लिनीक** १९८५ पासुन शास्त्रीयोक्त मार्गदर्शन केंद्र
३८, निराला बाजार, बाटा शोरुम समोर, औरंगाबाद. वेळ - स.११ ते ३ व सायं.७ ते ९ शनिवार रविवार बंद
कृपया अनावश्यक खर्चीक व फसव्या उपचारापासुन सावध मो. 7769856821 9767132521